AGRA POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

प्रेस नोट थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा। दिनांक 24.07.2022

थाना एत्माद्दौला पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में हुयी चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए हुए 03 अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 सिलेण्डर व 01 एलईडी टीवी बरामद

दिनांक 22.07.2022 को वादिया द्वारा थाना एत्माद्दौला पर सूचना दी गयी कि दिनांक 21.07.2022 को दिन में मेरे घर से किन्हीं अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा एलईडी, सिलेन्डर, रू0 2,000/– व सोने–चाँदी के जेवरात चोरी कर लिया गया था। इस सम्बन्ध में थाना एत्माद्दौला पर मु0अ0सं0 441/22 धारा 454/380 भादवि पंजीकृत किया गया।

उपरोक्त घटना के सफल अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में, क्षेत्राधिकारी छत्ता के सफल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी एत्माद्दौला को टीम गठित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र टेड़ी बगिया चौराहा पर चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि उपरोक्त चोरी की घटना को अन्जाम देने वाले अभियुक्तगण हाथरस की तरफ से आ रहे हैं, यदि जल्दी की जाये तो गिरफ्तार किये जा सकते हैं।

उपरोक्त प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम बताये स्थान के पास चैकिंग करने लगी। कुछ समय बाद तीन व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये। पुलिस टीम को चैकिंग करता देख सकपका गये और पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा चारों ओर से घेर कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 खाली सिलेन्डर, एक एलईडी टीवी बरामद हुयी।

पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम अफजाल, अवधेश व भोला उर्फ हन्टर बताया गया। बरामद सामान के सम्बन्ध में बताया गया कि हम तीनो ने मिलकर दिनांक 21.07.2022 को चन्दन नगर में चोरी की थी, जिसकी कुछ ज्वैलरी हमने नेशनल ज्वैलर्स सती नगर कैला देवी मन्दिर के पास नरायच को बेच दिया था एवं आज हम लोग बचे हुए माल को बेचने के लिए जा रहे थे। हम लोग थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में चोरी व लूट की घटनाओं को अन्जाम देते हैं एवं चोरी व लूट के माल को बेचकर जो पैसा मिलता है उसको आपस में बांटकर अपने ऊपर खर्च कर लेते हैं।

अभियुक्तगण का नाम :–

01. अफजाल पुत्र शाबिर अली निवासी सौ फुटा रोड टेडी बगिया थाना एत्माद्दौला आगरा।
2. अवधेश पुत्र कुवरपाल सिंह निवासी गुलाब नगर सैय्यद टेडी बगिया थाना एत्माद्दौला आगरा।
3.भोला उर्फ हन्टर पुत्र राजवीर सिंह सिसौदिया निवासी नगला किशनलाल अरोरा पैट्रोल पम्प के पीछे थाना एत्माद्दौला आगरा।

बरामदगी का विवरण :–

01. 01 खाली सिलेन्डर।
02. एक एलईडी टीवी।

आपराधिक इतिहास का विवरण :–

01. मु0अ0सं0 441/22 धारा 454/380 भादवि थाना एत्माद्दौला आगरा।

पुलिस टीम का विवरण :–

01. प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।
02. उ0नि0 विवेक कुमार थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।
03. उ0नि0 अखिलेश कुमार थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।
04. का0 दुर्गेश कुमार थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।
05. का0 कन्हैया लाल थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।
06. का0 कमलेन्द्र थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा।

मीडिया सेल जनपद आगरा।